भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2410

21 मार्च, 2025 को उत्तरार्थ

विषय: 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मंत्रालय की कार्य योजना

2410. श्रीमती संगीता यादव:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि केंद्रीय बजट 2024-25 में नौ प्रमुख प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करके 'विकसित भारत' को प्राप्त करने के लिए एक व्यापक रणनीति बनाई गई है, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए प्रचुर अवसर पैदा करना है, जिसमें कृषि में उत्पादकता और परिवर्तन भी शामिल है;

(ख) यदि हां, तो 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने के लिए मंत्रालय द्वारा तैयार की गई योजनाओं, रोडमैप या कार्य योजना का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मंत्रालय 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में अन्य मंत्रालयों/नीति आयोग के साथ सक्रिय सहयोग से कार्य कर रहा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (घ): सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए 25-वर्षीय विजन अर्थात “विकसित भारत@2047” तैयार करने का निर्णय लिया है! कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा पहले से ही कार्यान्वित की जा रही प्रमुख योजनाएं/कार्यक्रम जो विकसित भारत के विजन को प्राप्त करने में सहायक हैं, निम्नानुसार हैं:

1. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान)
2. प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना (पीएम-केएमवाई)
3. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई)/पुनर्संरचित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस)
4. संशोधित ब्याज छूट योजना (एमआईएसएस)
5. एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ)
6. 10,000 नए किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन और संवर्धन

7. राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (एनबीएचएम)
8. नमो ड्रोन दीदी
9. राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ)
10. प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा)
11. स्टार्ट-अप्स और ग्रामीण उद्यमों के लिए एग्री फंड (एग्रीश्योर)
12. प्रति बूंद अधिक फसल (पीडीएमसी)
13. कृषि मशीनीकरण उप-मिशन (एसएमएएम)
14. परम्परागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई)
15. सॉइल हेल्थ एंड फर्टीलिटी (एसएचएंडएफ)
16. वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास (आरएडी)
17. कृषि वानिकी
18. फसल विविधीकरण कार्यक्रम (सीडीपी)
19. कृषि विस्तार उप-मिशन (एसएमएई)
20. बीज एवं रोपण सामग्री उप-मिशन (एसएमएसपी)
21. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (एनएफएसएनएम)
22. कृषि विपणन के लिए एकीकृत योजना (आईएसएएम)
23. समेकित बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच)
24. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एनएमईओ)-ऑयल पाम
25. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एनएमईओ)-तिलहन
26. पूर्वोत्तर क्षेत्र जैविक मूल्य श्रृंखला विकास मिशन
27. डिजिटल कृषि मिशन
28. राष्ट्रीय बांस मिशन

इसके अलावा, कृषि विकास और उत्पादकता को प्रोत्साहित करने के लिए बजट घोषणा 2025-26 में निम्नलिखित योजनाओं की भी घोषणा की गई है:

(i) प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना
(ii) दलहन में आत्मनिर्भरता
(iii) सब्जियों और फलों के लिए व्यापक कार्यक्रम
(iv) केसीसी के माध्यम से संस्थागत ऋण तक पहुँच बढ़ाना

******